न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

वर्ष–2 अंक–9
मासिक –अगस्त, 2023

## सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**
इं0 वी0 के0 मिश्र

**प्राचार्य**
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**
राजीव यादव

**उप–सम्पादक**
नितिन कुमार सिंह

**सहयोग**
पुष्पेन्द्र कुमार

# कालीचरण पी०जी० कॉलेज

**हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003**
**(लखनऊ विश्वविद्यालय)**

## Events at College






दिनांक 15.08.2023 को महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस–समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र और प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डॉ0 दिलीप कुमार और डॉ0 कुसुम शुक्ला जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। महाविद्यालय के पूर्व कर्मचारी श्री हरिश्चन्द्र और तुलसी भी उपस्थित रहें। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने देशभक्तिपूर्ण अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र राहुल, मुस्कान, रोमा, रोहित आदि ने देशभक्तिपूर्ण गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा महक दुबे ने अपने ओजस्वी भाषण से सभी का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। अंशिका, प्राची प्रियांशी, शिवानी, प्रतिभा, यशी आदि छात्राओं ने डॉ0 शोभा श्रीवास्तव के नेतृत्व में राष्ट्रगान का गायन किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।





दिनांक 21.08.2023 को प्रो0 अनुराग ठाकुर सेवानिवृत्त जी0एस0पी0जी0 कॉलेज, सुलतानपुर,राजनीति विज्ञान ने लाइब्रेरी को पुस्तके दान की।



दिनांक 23.08.2023 को चंद्रयान–3 की लैंडिंग का सजीव प्रसारण देखते हुए महाविद्यालय परिवार।



आज दिनांक 29 अगस्त,2023 को कालीचरण पी0जी0 कालेज में राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद जयंती) के उपलक्ष्य में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की दो टीमों ने प्रतिभाग किया एक टीम कला संकाय और दूसरी टीम वाणिज्य संकाय की थी जिसमें अतुल, अनिल, जितेन्द्र, गौरव, अंकित, कौशल आदि छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कला संकाय ने टॉस जीता और पहले रेड करने का निर्णय लिया। प्रतियोगिता में कला संकाय ने 5 प्वाइंट से वाणिज्य संकाय को शिकस्त देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर चन्द्र मोहन उपाध्याय व कुलानुशासक डॉ0 डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय एवं हिन्दी–विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मनोज पाण्डेय एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 कल्याणी द्विवेदी ने किया। सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना का प्रदर्शन किया। निर्णायक की भूमिका में विश्वविद्यालय के शोध छात्र प्रवीण पाण्डेय और प्रणव मलिक ने निभाई।







दिनांक 26.08.2023 को महाविद्यालय के बी0ए0 छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह की अध्यक्षता राजनीति शास्त्र–विभाग के प्रभारी श्री डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय द्वारा की गई। चतुर्थ–सेमेस्टर के छात्रों द्वारा दिए गए इस विदाई समारोह में विभिन्न मन मोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। मिस फेयरवेल एवं मिस्टर फेयरवेल के चुनाव के लिए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों द्वारा तीन चरणों में प्रतियोगिता की गई जिसमें इंट्रोडक्शन राउण्ड, रैपवॉक, क्वाइन कलेक्शन एवं जजेस राउण्ड का आयोजन हुआ। समारोह के अंत में मिस फेयरवेल शिवानी गौतम एवं मिस्टर फेयरवेल राजन मिश्रा को चुना गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय समस्त शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

# Teacher's Corner

बजट किसी वित्तीय वर्ष में सरकार की आय–व्यय का अनुमानित दस्तावेज है। बजट में समग्र रूप से निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया जाता है :

1. राजस्व व पूँजी प्राप्तियों का अनुमान
2. राजस्व बढ़ाने के तरीके और साधन
3. व्यय अनुमान
4. पिछली वित्तीय वर्ष की वास्तविक प्राप्तियों और व्यय का विवरण तथा उस वर्ष में किसी भी कमी या अधिवेष का कारण
5. आने वाले वर्ष की आर्थिक और वित्तीय नीति अर्थात् कराधान प्रस्ताव और नई योजनाओं–परियोजनाओं की शुरूआत।

भारत में संविधान के अनुच्छेद 112 में वार्षिक वित्तीय विवरण (Annual Financial Statements-AFS) का प्रावधान किया गया है जियके अंतर्गत भारत में प्रति वित्तीय वर्ष बजट बनाया जाता है जिसे संसद में वित मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।




वर्ष 2017 से पूर्व रेल बजट तथा आम बजट को अलग–अलग प्रस्तुत किया जाता था। वर्ष 2017 से इन दोनों प्रकार के बजटों का एकीकृत स्परूप प्रस्तुत करना प्रारंभ किया गया।

साथ ही बजट को 1 फरवरी से प्रस्तुत करने का प्रावधान 2017 में किया गया। इससे पूर्व बजट को फरवरी माह के अन्त में प्रस्तुत किया जाता था जिसके कारण नए वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से बजट के प्रावधानों को लागू करना मुश्किल होता था।

## बजट 2023–24 –

केन्द्रीय वित एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमण ने 01 फरवरी को बजट 2023 –24 पेश किया। बजट 2023–24 में कुल प्राप्तियां और कुल व्यय क्रमशः 27.2 लाख करोड़ रू0 और 45 लाख करोड़ रू0 होने का अनुमान लगाया गया है।

इस बजट की 7 प्राथमिकताएं निर्धारित की गई है जिन्हें सप्तऋषि (सप्तर्षि) का नाम दिया गया है।

**श्रीमती सुषमा राठौर**
(अर्थशास्त्र विभाग)
कालीचरण पी.जी. कॉलेज,
लखनऊ
ई–मेल : sushmarathour10@gmail.com

## हरा विलायक

विलायक एक ऐसा पदार्थ है जो तरल होता है। इसमें रासायनिक रूप से और स्वयं को बदले बिना अन्य पदार्थो को घोलने, तनु करने या निकालने की क्षमता होती है। पारंपरिक कार्बनिक विलायक (एसीटोन, एनएमपी टोल्यून आदि) हालाकि बहुत प्रभावी हैं, आज कई समस्याएं पैद करते हैं क्योंकि वे श्रमिको के स्वास्थ्य और सुरक्षा (जलन, कैंसर, एक्जिमा, मस्तिष्क विकार, भ्रूण विषाक्तता) दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और एक ही समय में पर्यावरण (स्मॉग, जल, वायु और ओजोन परत प्रदूषण) और स्वास्थ्य पर भी। यह विभिन्न श्रेत्र में रासायनिक उपयोग के प्रदर्शक करते हैं (पेंट, कोटिंग, संश्लेषण, ....) और परिणामस्वरूप रासायनिक व्यवसाय के पर्यावरणीय कृत्य को परिभाषित करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने सतत् विकास लक्ष्यों के आधार पर एक नई स्थिरता केंद्रित विकास योजना को शुरू किया। यह भविष्य में अधिक सतत् रसायन विज्ञान के लिए "हरित विलायक" की आवश्यकता को पहचान किया है। साथ ही, अधिक से अधिक कंपनियां हरित होना चाहती हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी गतिविधियां और उत्पाद सतत् विकास प्रक्रिया का हिस्सा हैं। यह इस संदर्भ में है कि तथाकथित हरित, पारिस्थितिक, बायोडिग्रेडेबल और सतत विलायक आविर्भाव होता है जिन्हें कृषि फसलों के प्रसंस्करण से प्राप्त अधिक पर्यावरण अनुकल विलायक या बायो विलायक के रूप में विकसित किया गया है, जो पेट्रोकेमिकल विलायक का एक विकल्प है।

हरे विलायक कई प्रकार के होते हैं जैसे आयनि तरल पदार्थ, सुपरक्रिटिकल तरल पदार्थ, पानी और सुपरक्रिटिकल पानी। ये हरे विलायक पारंपरिक वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की तुलना में बहुत अधिक पर्यावरण–अनुकूल, कम विषैले और कम खतरनाक हैं। उदाहरण के लिए एथिल लैक्टेट, जल पॉलीथीन ग्लाइकॉल, सुपरक्रिटिकल कार्बन डाई ऑक्साइड और आयनिक तरल एन–मिथाइल पायरोलिडोन इाइड्रोजन सल्फेट।

**डॉ0 प्रीवर सिंह**
(रसायन विज्ञान विभाग)
कालीचरण पी0जी0 कॉलेज,
लखनऊ
ई–मेल : pravirsingh7@gmail.com.

………………………………………………………………………………………………………..

## Kalicharan in Newspaper



# शहर के दस कॉलेजों में शुरू होंगे कौशल आधारित कोर्स

### प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा ने कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ की बैठक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। क्रिस्प के माध्यम से एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए चयनित राज्य के 23 कॉलेजों में विद्यार्थियों के लिए कौशल आधारित कोर्स शुरू होंगे। इनमें दस कॉलेज लखनऊ के हैं।

प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में शनिवार को कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्राचार्यों ने कोर्सों से जुड़े अहम सवालों को बैठक में रखा। इनके हल होने पर ही कोर्स शुरू होने की प्रक्रिया बढ़ पाएगी।

जिन कॉलेजों में बीबीए व बीएससी स्तर के डिग्री स्किल कोर्स शुरू होने हैं, उनमें केकेसी, शिया पीजी, नवयुग, कालीचरण, डीडीयू गर्ल्स, करामत हसैन, आईटी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस हीरालाल यादव बालिका डिग्री कॉलेज शामिल हैं। बीबीए रिटेल, हेल्थकेयर व लॉजिस्टिक्स


| कॉलेज | कोर्स |
|---|---|
| नवयुग कन्या महाविद्यालय | बीबीए लॉजिस्टिक्स |
| डीडीयू गर्ल्स | बीबीए हेल्थकेयर |
| करामत हुसैन | बीबीए रिटेल |
| आईटी | बीएससी टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी |
| नेताजी सुभाष चंद्र बोस | बीबीए रिटेल |
| कालीचरण पीजी कॉलेज | बीबीए हेल्थकेयर |
| केकेसी | बीबीए लॉजिस्टिक्स |
| शिया पीजी | बीएससी टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी |
| गोयल इंस्टीट्यूट | बीबीए रिटेल |
| हीरालाल यादव बालिका डिग्री कॉलेज | बीबीए रिटेल |

**बीबीए व बीएससी स्तर के डिग्री स्किल के कोर्स होंगे शुरु**

**प्राचार्यों की ओर से उठाए गए सवाल -**

- प्रवेश प्रक्रिया समापन के कगार पर है। ऐसे में ये कोर्स कब शुरू होंगे?
- कोर्सों का शुल्क निर्धारण कब होगा?
- एफिलेशन समेत कई व्यवस्था लविवि तय करेगा, इसलिए प्रक्रिया शुरू होने में विलंब की संभावना है।
- एफिलेशन का शुल्क लगेगा। ऐसे में इसी प्रबंधन को शामिल किया जाए।

अधिकारी प्रो. सुधीर कुमार की ओर से सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भी जारी किया



लखनऊ, 28 जुलाई, 2023 दैनिक जागरण 17

**बताए सुरक्षा के उपाय**

लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज में गुरुवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में इंस्पेक्टर राजीव प्रताप सिंहने छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। यह भी कहा कि निडर होकर अपनी बात और शिकायत पुलिस तक पहुंचाएं। पुलिस हमेशा उनके साथ है। महिला कांस्टेबल ज्योति यादव ने पिंक बूथ से जुड़ी जानकारी छात्राओं से साझा की। (जासं)

……………………………………………………………………………………………………